26वाँ राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह

चर्चा में क्यों?

12 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान में जयपुर के टैगोर इंटरनेशनल स्कूल कैंपस, मानसरोवर में 26वाँ राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति व विकास कार्यों के लिये उल्लेखनीय दान कार्य करने वाले 350 से अधिक दानदाताओं तथा प्रेरकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें लगभग 246 दानदाता एवं 108 प्रेरक सम्मिलित रहे।
- इस सम्मान समारोह में गत 3 वर्षों में शिक्षा के विकास में योगदान देने वाले दानदाताओं को शामिल किया गया। इसमें इन तीन वर्षों में किसी एक वर्ष में एक करोड़ रुपए या अधिक का दान देने वालों को 'शिक्षा विभूषण' के रूप में सम्मानित किया गया तथा अन्य को 'शिक्षा भूषण' के रूप में सम्मानित किया गया।
- इस अवसर पर डॉ.कल्ला ने भामाशाहों व उनको प्रेरित करने वाले प्रेरकों को संबोधित करते हुए परहित का काम करने पर साधुवाद ज्ञापित किया तथा स्कूल शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन कुमार गोयल ने भी शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाहों के योगदान की महत्ता को बताया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/26th-state-level-bhamashah-samman-ceremony